# डिफरेंट दिखना है तो लें स्टाइलिश हेयरकट


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

स्टाइलिश दिखना किसे पसंद नहीं है। डिफरेंट रहर के हेयरकट के लिरए आप न सिर्फ खास बल्कि बिदासं सभी नजर आ सकती हैं। समय की कमी के कारण रोज-रोज नया हेयर स्टाइन बनाना आसान नहीं है, लेकिन ऐसी हेयरकट जरूर ट्राय कर सकती हैं, जो कम समय में आपकी पर्सनेलिटी को डिफरेंट लुक दे और आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगाएं। ब्यूटीशियन की मानें तो अब अधिकांश गर्ल्स वर्किंग हैं। वर्किंग होने के कारण उनके पास टाइम की कमी होती है, साथ ही कार्पोरेट फील्ड से जुडे होन के कारण उन्हें अपने लुक पर भी ज्यादा ध्यान देना होता है। ऐसे में मल्टी लेयर, फ्यूजन और बॉब हेयर कट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं।

मल्टी मैजिक का जादू

अगर आपके बाल थोडें लंबे है तो आप मल्टी मैजिक हेयर कट को प्रिफर कर सकती है। इस हेयरकट में आपके बालों की लम्बाई भी कम नहीं होती है साथ ही फेस के अनुसार कई तरह की हेयर स्टाइल भी आप आसानी से कैरी कर सकती है। इस हेयर स्टाइल में आप साइड लेयरिंग, फ्यूजन कट और फेस फ्रेस कट जैसे स्टाइल्स बनवा सकती है। ब्यूटीशियन अनिता कहती है, अब लंबे बाल रखना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि बालों को खास देखभाल की जरूरत होती है। इसके साथ ही बार-बार बाल संवारने का समय किसी के पास नहीं है। वैसे तो लंबे बालों में कइरतरह की हेयर स्टाइल बन सकती है, लेकिन उसके लिए समय चाहिए होता है। ऐसे में मल्टी लेयर मैजिककट बेस्ट ऑप्शन है। इसके जरिए आप एक नहीं, बल्कि कई हेयरस्टाइल आसानी से कैरी कर सकती है। इसमें साइड लेयरिंग और फयूजन कट भी काफी स्मार्ट लुक देते हैं। विशेष बात तो ये हेयर कट मॉडर्न और ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ भी मैच होता है।

साइड लेयर कट

अगर आप खुद को डिपरेंट लुक में दिखाना चाहती हैं, तो बालों को साइड लेयरिंग स्टाइल दे सकीत हैं। यह हेयर स्टाइल काफी डिफरेंट लुक देगा। इसके लिए कट्स को वैट ड्रायर देकर हल्का सा सेट करने की जरूरत होती है। इस बात का खास ध्यान रखें कि बालों को उसी ओर सेट करें, जो आपको सूट करता हो। यह साइड लेयरिंग फेस को यंग लुक देने के साथ ही मॉर्डन भी बनाती है। अगर बालों पर कलर किया हो, तो यह लेयरिंग स्टाइलकाफी स्टाइलिश लुक देता है। इसलिए आप डिफरेंट कलर भी इस्तेमाल कर सकती है। फ्यूजन-फेस फ्रेम कट इस कट के नाम से ही पता चलता है कि इसमें कई लेयर्स मे डिसकनेक्टेड कट्स दिए जाते हैं। गर्ल्स इस हेयर कट को काफी पसंद कर रही है। इस कट को ज्यादा उपयोग आमतौर पर फैशन इंडस्ट्री, सीरियल व फिल्मों में होता है। इस हेयरकट की खास बात यह है कि इसमें बाल काफी भारी-भारी लगते हैं। फ्यूजन हेयर कट हल्के बालों वाली महिलाओं के लिए अच्छा स्टाइल है। इसके अलावा अगर आपका फॉरहेड काफी बडा है तो आप फेस फ्रेम हेयर कट भी ट्राई कर सकती है। साइड लेयरिंग के साथ ये बहुत अच्छे लगते हैं।

छोटे बालों के लिए स्पेशल हेयर कट

स्टाइल्स है ये भी अगर आपके बाल काफी लंबे नहीं है। तो परेशान मत होइए आप छोटे बालों में भी स्टाइलिश हेयरकट पा सकती हे। राजापार्क के ब्यूटी एडं हेयर एक्सपर्ट आसिफ के अनुसार पहले माना जाता था कि छोटे बाल सभी लोगों पर सूट नहीं करते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। हर तरह के फेस कट के लिए हेयर स्टाइल आ गए हैं। हर तरह की ड्रेसपर ये फबते हैं। इसमें आप वेवी बॉब, सदाबहार बॉब और क्रॉप के ऑप्शन सलेक्ट कर सकती है। बॉब कट ब्यूटीशियन कंगना बताती है कि अब गर्ल्स सिंपल कट की कुछ डिफरेंट पसंद करती हैं। इसलिए वे हेयर कट को लेकर डिफरेंट एक्सपेरिमेंट करना चाहती है।

बॉब हेयरकट

सदाबहार कट है। यह हर फेस पर सूट करता है। चेहरे की शेप कैसी भी, बॉब कट फेस के अनुसार ही तय किया जाता है। अगर बीच में पार्टिशन करवाती है, तो एक साइड लंगबे बाल रख सकती है और साथ में फेमिनिन लुक भी चाहिए, उसके लिए बॉब हेयर स्टाइल सबसे बेहतर है। इससे आपका लुक सॉफ्ट लगता है।

## बाथरूम को संवारें नये अंदाज में

घर में एक बाथरूम ही वो इकलौती जगह होती है, जहां पर हम निहायत निजी पल बिताते हैं। तो क्यों ना इस स्पेशल जगह को और भी खूबसूरत बाथरूम डेकोर के न्यू टेंरड्स हैं।



सिंक, बेसिन, बाउल्स या काउंटर टॉप्स बाथरूम की खास जरूरत होते हैं इसलिए इनका आकर्षक होना बहुत जरूरी है।फ्लोर से सीलिंग कलर, टेक्सचर और पैटर्न का इस तरह प्रयोग करत हैं कि कोई भी जगह छोटी या बडी दिखती है। अत: चाहें तो प्रोफेशनल्स की मदद ले सकती हैं। बाथरूम में सिंक या बेसिन ना लगवाएं, इससे जगह बचेगी। बाथरूम के उपरोक्त यूनिट्स समानांतर हॉरिजॉन्टल लाइन में लगाए। इससे बाथरूम बडा दिखता है। छोटी-छोटी टाइल्स लगाने से भी जगह बडी दिखती है। बाथरूम की जगह बाथ शावर लगवाएं।

## ड्रेसिंग रूम में ज्यादा स्पेस बनाने के कुछ बेस्ट टिप्स

ड्रेसिंग रूम में ज्यादा स्थान के कुछ ईजी टिप्स, रोशनी लगाने का एक अलग अंदाज और सोफे में ही टेबल के एक लेटेस्ट डिजाइन के बारे में आइये जानते हैं।

आपको जिन चीजों को रख रहे हैं उनकी लेबलिंग करें। बास्केट पर लिख दें कि यह किस चीज के लिए हैं।



तौलिये, कपडों को टांगने वाले हुक कुछ ऐसे हों कि आसानी से टांगे जा सके और सही तरह से ज्यादा सामान आ सके। दरवाजे के ऊपर खंड रखें। बशर्ते आपके बाथरूम की छत ऊंची हो। बाथरूम के ऊपर का स्थान सबसे अहम है।

## अब पाएं बी-टाऊन की हसीनओं जैसा स्टाइल

अगर आप भी अपनी पसंदीदा हिरोइनों जैसी दिखना चाहती है तो आप अपनी ड्रेसिंग स्टाइल थोडा चैंज करें, आजकल मार्केट में ऐसे बहुत सारे आइटम्स हैं जो आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाते हैं। ये वे आइटम्स हैं जो आपको दोस्तों के बीच फैशन सिंबल बना सकते हैं।



स्टाइलिश हाई हील्स

कई लोग इन्हें पहनना पसंद नहीं करते लेकिन अगर आप हील्स की शौकीन है तो जरूर पहनें। हाई हील्स लंबे समय तक पहनना कम्फर्टेबल नहीं होता लेकिन थोडी देर के लिए तो इन्हें पहना ही जा सकता है। ड्रेस से मैच करते हुए हाई हील आपको अलग ही लुक देते हैं। सेक्सी नजर आने के लिए हाई हील का आशय छह इंच से नही है, रेग्यूलर तीन इंच भी काफी होंगे।

डिजायनर इनर

जींस-जैकेट्स, ब्लेजर, टीशर्ट या बटन डाउन शर्ट के नीचे लेस वाले इनर्स पहनें। ये साटन, सिल्क फेब्रिक में हों और लेस लगे हों तो किसी भी आउटफिट की जान बन जाएंगे। आप भी इन्हें पहनकर कम्फर्ट फील करेंगी। ऐसे इनर्स कई रंगों में खरीद लें ताकि हर रंग की ड्रेस के साथ मैच किए जा सकें।

पेंसिल स्कर्ट

वैसे तो आपके क्लोजेट में कई सारी स्कर्ट होंगी लेकिन अगर आपके पास एक पेंसिल स्कर्ट नहीं है तो इस वॉर्डरोब में कुछ कमी हो सकती है। किसी भी आउटफिट को सेक्सी बनाने के लिए पेंसिल स्कर्ट जरूरी है। ब्लैक, चारकोल, ग्रे, या फिर नेवी ब्लू पेंसिल स्कर्ट ले सकती हैं। इसे बटन वाले व्हाइट फिटेड ब्लाउज के साथ ट्राय करें।

लेपर्ड प्रिंट अंडर गारमेंट्स

जब से मैच करती अन्य एसरीज हो सकती हैं तो अन्तस्त्र क्यों नहीं। ये आपको अंदर से एक अलग अहसास देते हैं।

इसलिए अच्छे आउटफिट्स के साथ इनरवियर्स भी खास होने चाहिए। अच्छी फिटिंग के इनरवियर्स ड्रेस को फिट लुक देते हैं। लेपर्ड प्रिंट के इनरवियर आपको हॉट फील कराएंगे। फिशनेट फिशनेट सिर्फ बेडरूम मेटेरियल नहीं है।